देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंकः 118 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

**विचार–प्रवाह...**नेतृत्व परिवर्तन की मांग



# पेज थ्री

देहरादून, बृहस्पतिवार, 6 अगस्त 2020



मौसम अधिकतम 31.0° न्यूनतम 25.0°

37687.91

2 राम मंदिर पर पाक को लगी मिर्ची

7 नडाल ने भी लिया ग्रैंडस्लैम से नाम वापस

## हिंदुत्व की जीत, सेक्युलरिज्म की हार का दिनः औवेसी

अयोध्या। असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि भारत एक सेक्युलर देश है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राम मंदिर का भूमि पूजन कर अपने पद की गरिमा का उल्लंघन किया है। असदुद्दीन ओवैसी ने कहा, यह दिन हिंदुत्व की जीत और लोकतंत्र के साथ–साथ सेक्युलरिज्म की हार का भी है। मैं भी उतना ही भावुक था क्योंकि मैं नागरिकों की सहभागिता और समानता में यकीन रखता हूं। मिस्टर प्राइम मिनिस्टर, मैं इस वजह से भावुक हूं क्योंकि वहां 450 वर्षों तक मस्जिद खड़ी थी।

**मस्जिद की हैसियत खत्म नहीं हो जातीः** ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के जनरल सेक्रेटरी मौलाना वली रहमानी ने बयान जारी कर कहा, श्बाबरी मस्जिद कल भी थी, आज भी है और कल भी रहेगी। मस्जिद में मूर्तियां रख देने से या फिर पूजा–पाठ शुरू कर देने या एक लंबे अर्से तक नमाज पर प्रतिबंध लगा देने से मस्जिद की हैसियत खत्म नहीं हो जाती।

# सदियों का सपना पूरा हुआः पीएम

## पीएम नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में राम मंदिर का भूमि पूजन किया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

अयोध्या। पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार को अयोध्या में बहुप्रतीक्षित राम मंदिर निर्माण की नींव रखी। मंत्रोच्चार के बीच पीएम मोदी ने चांदी की ईंट रखने के बाद पीएम ने कहा कि बुधवार को करोड़ों भारतीयों की अभिलाषा, आशा पूरी हुई। आज के इस पवित्र अवसर पर सभी को कोटि–कोटि बधाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को अयोध्या में राम मंदिर का भूमि पूजन किया है। पीएम मोदी ने अयोध्या पहुंच हनुमानगढ़ी में पूजा की, जिसके बाद उन्होंने रामलला के दर्शन किए। भूमि पूजन के दौरान मोहन भागवत, योगी आदित्यनाथ समेत कई मेहमान शामिल रहे। हर अतिथि को चांदी का सिक्का दिया गया, जिसमें राम दरबार की तस्वीरअंकित है। भूमिपूजन कार्यक्रम संपन्न होने पर प्रधानमंत्री ने अयोध्या की माटी को अपने माथे पर लगाया और प्रणाम किया। सियावर राम चंद्र की जय के साथ पीएम मोदी ने अपने संबोधन की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि सदियों से चल रहे टूटने और उठने के क्रम से राम जन्मभूमि आज मुक्त हुई है। श्रीराम का मंदिर हमारी संस्कृति का आधुनिक प्रतीक बनेगा। अपने अभिभाषण में पीएम ने राम से प्रेरणा लेने की सीख दी।

### राम मंदिर की नींव रख बोले मोदी, आज पूरा भारत भावुक

**भव्य मंदिर का निर्माण होगा**

बरसों से टाट और टेंट के नीचे रह रहे हमारे रामलला के लिए अब एक भव्य मंदिर का निर्माण होगा। टूटना और फिर उठ खड़ा होना, सदियों से चल रहे इस व्यतिक्रम से रामजन्मभूमि आज मुक्त हो गई है। पूरा देश रोमांचित है, हर मन दीपमय है। सदियों का इंतजार आज समाप्त हो रहा है। राम जन्म भूमि के पवित्र आंदोलन से जुड़ा हर व्यक्ति जो जहां है इस आयोजन को देख रहा है वह भाव विभोर है सभी को आशीर्वाद दे रहा है।



**राम विभिन्न रूपों में मिलेंगेः** पीएम मोदी ने कहा कि राम विभिन्न रूपों में मिलेंगे। वह भारत की अनेकता में एकता के सूत्र हैं।तमिल, मलयालम, बांग्ला, कश्मीर, पंजाबी में राम हैं।

### संकल्प पूरा हुआ, सबके राम और सबमें रामः मोहन भागवत

आरएसएस के सर संघचालक मोहन भागवत भी भूमि पूजन में शामिल हुए। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि आज पूरा देश आनंद से भर गया है। उन्होंने इस दौरान राम मंदिर के लिए बलिदान देने वाले संघ के लोगों को याद किया और उनके योगदान को सराहा। मोहन भागवत ने भारत की प्राचीन परंपरा वसुधैव कुटुम्बकम का जिक्र करते हुए कहा कि हमारा देश वसुधैव कुटुम्बकम में विश्वास करता है यानि हमारे लिए विश्व एक परिवार है। भागवत ने कहा कि आज एक नए भारत की नई शुरुआत है।

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिका राम मंदिर की नींव रखे जाने पर मनाया जश्न

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वॉशिंगटन। अयोध्या में ऐतिहासिक राम मंदिर की नींव रखे जाने का अमेरिका में भारतीय–अमेरिकियों ने दीप जलाकर जश्न मनाया। कैपिटल हिल में राम मंदिर की तस्वीरों की एक झांकी भी निकाली गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अयोध्या में बुधवार को राम मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन किया और मंदिर की आधारशिला रखी। भारत की सर्वोच्च अदालत ने पिछले साल दशकों पुराने मुद्दे का समाधान करते हुए राम मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त कर दिया था।

### 5 अगस्त भारत की गलती, फंस गए पीएम मोदी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। बुधवार को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने कहा है कि भारत का पिछले साल उठाया गया कदम एक बड़ी भूल थी और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अब फंस गए हैं। खान ने बुधवार को कहा है कि कश्मीर को भारत से जल्द आजाद करा लिया जाएगा।

# देश में संक्रमितों की संख्या 19 लाख के पार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। देश में कोविड–19 के 52,509 नए मामले सामने आने के बाद बुधवार को संक्रमितों की संख्या 19 लाख के पार पहुंच गयी। देश में दो दिन में मामले 18 लाख से 19 लाख के पार पहुंच गए। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि देश में अब तक 12,82,215 लोग इस संक्रमण से ठीक हो चुके हैं। मंत्रालय द्वारा सुबह आठ बजे अद्यतन किए आंकड़ों के अनुसार देश में कोविड–19 के संक्रमित मरीजों की संख्या अब 19,08,254 हो गयी है। वहीं पिछले 24 घंटे में 857 और लोगों की जान जाने के बाद मृतकों की संख्या बढ़कर 39,795 हो गई है।

आंकड़ों के अनुसार कोविड–19 के मरीजों के ठीक होने की दर देश में 67.19 प्रतिशत है वहीं दूसरी ओर मृतक दर में गिरावट दर्ज की गयी है और अब यह 2.09 प्रतिशत है। आंकड़ों के अनुसार कुल मामलों में से 5,86,244 मरीजों का उपचार चल रहा है, जो कुल मामलों का 30.72 प्रतिशत है। कुल मामलों में देश में संक्रमित पाए गए विदेशी नागरिक भी शामिल हैं। देश में लगातार सातवें दिन कोविड–19 के 50,000 से अधिक मामले सामने आए हैं।

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के अनुसार देश में चार अगस्त तक कुल 2,14,84,402 नमूनों की जांच हो चुकी थी, जिनमें से 6,19,652 नमूनों की जांच मंगलवार को ही की गई।

### कोरोना अपडेट

**कोविड-19 के 52,509 नए मामले सामने आये**

**कोरोना वायरस से वैश्विक मौत 700,000 के पार**

महामारी के कारण होने वाली मौतों का ग्राफ बढ़ता जा रहा है। संयुक्त राज्य अमेरिका, ब्राजील, भारत और मैक्सिको में कोरोना संक्रमितों की मौत के कारण कोरोना वायरस से वैश्विक मौत टोल बुधवार को 700,000 से अधिक हो गया है।

# सीबीआई जांच पर केंद्र राजी, शिवसेना भड़की

## सुशांत केसः सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार को लगाई फटकार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने ऐक्टर सुशांत सिंह केस की जांच सीबीआई से करने की बिहार सरकार की सिफारिश स्वीकार कर ली है। केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि बिहार सरकार ने सीबीआई जांच की सिफारिश की है जिसे सैद्धांतिक रूप से मान लिया गया है। जिस पर शिवसेना भड़क गई है। वहीं, रिया के वकील श्याम दिवान ने सुप्रीम कोर्ट से रिया के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग की। सुशांत के पिता के वकील विकास सिंह ने इसका विरोध किया और कहा कि साक्ष्य को प्रभावित किया जा रहा है।

सिंह ने कहा कि अगर केंद्र सीबीआई जांच के लिए तैयार है तो फिर रिया के ट्रांसफर पिटिशन का कोई मतलब नहीं रह जाता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि एक टैलेंटेड कलाकार की मौत हुई है। यह मौत अप्राकृतिक है। ये दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई है। किस परिस्थितियों में मौत हुई है उसकी जांच की दरकार है। सुप्रीम कोर्ट ने मौखिक टिप्पणी की।

सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार की इस बात को लेकर फटकार लगाई कि उसने बिहार पुलिस के ऑफिसर को क्वारंटीन किया। सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी में कहा कि ये सही संदेह नहीं देता है। सर्वोच्च न्यायलय ने कहा, श्पुलिस ऑफिसर अपनी ड्यूटी पर गए थे। आपकी तमाम कार्रवाई पेशेवर तरीके से होनी चाहिए था। साक्ष्यों को प्रॉटेक्ट करें। इस पर महाराष्ट्र सरकार के वकील ने कहा कि बिहार पुलिस का ऐक्शन राजनीति से प्रेरित है। सीआरपीसी के तहत सिर्फ मुंबई पुलिस जांच कर सकती है। उन्होंने कहा कि बिहार पुलिस चाहे तो इस केस में और केस रजिस्टर कर सकती है।

### मुक्त करने के अनुरोध को ठुकराया, डीजीपी नाराज

जांच के लिए भेजे गए अधिकारी को क्वारंटाइन किये जाने के खिलाफ बिहार पुलिस के आइजी ने बीएमसी को पत्र लिखकर विरोध जताया तथा उन्हें मुक्त करने का अनुरोध किया। लेकिन बीएमसी ने बिहार सरकार के इस अनुरोध को खारिज कर दिया है। बिहार के डीजीपी गुप्तेश्वर पांडेय ने इसपर नाराजगी जताते हुए कहा है कि अब बिहार पुलिस बीएमसी के खिलाफ कोर्ट जाएगी। उन्ध्होंने आशंका जाहिर की है कि बीएमसी उनके आइपीएस अधिकारी के साथ कुछ भी कर सकता है। इस बाबत उन्होंने ट्वीट कर के भी जानकारी दी है।

# 370 हटाए जाने का एक साल पूरा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

श्रीनगर। जम्मू–कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाए जाने के एक साल पूरे हो गए। इस अवसर पर अनंतनाग के लाल चौक में भारतीय जनता पार्टी की सदस्य रुमसा रफीक ने तिरंगा फहराया। शहर में लगे कर्फ्यू और सड़कों पर पसरे सन्नाटे के बीच रुमसा बीच चौराहे पर बने चौक के ऊपर पहुंचीं और उन्होंने तिरंगा फहराया। इसके साथ ही उसने तिरंगे को सलामी भी दी।

### आर्टिकल 370

### लालचौक पर बीजेपी कार्यकर्ता ने फहराया तिरंगा

कश्मीर में आर्टिकल 370 हटाए जाने का एक साल 5 अगस्त को पूरा हो गया। जम्मू–कश्मीर में दो दिन के लिए कर्फ्यू लगाया गया है। पहली वर्षगांठ के मौके पर हिंसा और प्रदर्शनों के इनपुट मिलने के बाद श्रीनगर में 4 और 5 अगस्त को दो दिन का कर्फ्यू लागू रहेगा।

श्रीनगर जिला प्रशासन ने बताया कि उन्हें अलगाववादी और पाकिस्तान प्रायोजित समूह के 5 अगस्त को ब्लैक डे मनाने की सूचना मिली है। बता दें कि पिछले साल 5 अगस्त को ही कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाया गया था।

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in